**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**

**पिकप भवन, तृतीय तल, विभूतिखंड, गोमती नगर, लखनऊ**

**संख्या- 34 /02/कम्प्यूटर अनु0(बारह)/2023/06-परीक्षा/2022**

लखनऊः दिनांक- 31 मार्च, 2023

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-06-परीक्षा/2022, वन दरोगा मुख्य परीक्षा-(प्रा0अ0प0-2021)/06 के अंतर्गत प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन एवं वन्यजीव विभाग, उ0प्र0 के नियंत्रणाधीन वन दरोगा के अंतर्गत मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों का परिणाम दिनांक 03-03-2023 को प्रकाशित किया गया था एवं आयोग की सूचना संख्या-125/02/तीन(परी0-1)/2023, दिनांक 27-03-2023 के माध्यम से प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत मुख्य परीक्षा दिनांक 30-04-2023 को आयोजित किये जाने की सूचना अपलोड की गयी थी।

उक्त के क्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से अपनी श्रेणी यथा अनारक्षित व अन्य पिछड़ा वर्ग 200 रू० तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति 80 रू० के अनुसार ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा। दिव्यांग अभ्यर्थियों द्वारा कोई शुल्क देय नहीं होगा।

मुख्य परीक्षा हेतु शुल्क जमा करने के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध Main Examination Fee Deposition विकल्प पर जाकर अपना Registration Number, D.O.B, Gender, Domicile व Category अंकित कर Click Here to Proceed बटन पर क्लिक करेगा, तदुपरांत अभ्यर्थी Application Fee Payment Module में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर शुल्क जमा करने की कार्यवाही पूर्ण करेगा।

**महत्वपूर्ण नोट- शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी लिखित परीक्षा हेतु अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेगा। प्रवेश पत्र जारी करने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को पृथक से वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जाएगा।**

31/03/23

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।